दिनांक 14 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

84 साल पार कर चुकी बुजुर्ग महिला ने कोविड टीका लगवाकर दिया जागरूक होने का संदेश हुडको के सियान सदन सहित कई वार्डों में लगाए वैक्सीन के डोज, सेंटर के भीतर जाने में अक्षम महिला को वैक्सीनेटर ने लगाया वाहन में ही टीका, दिया मानवता का परिचय, महापौर व आयुक्त ने टीका लगवाने की अपील

भिलाई नगर/ कोरोना को मुक्त करने लोगों के मन में कितनी जागरूकता है यह कोविड सेंटर में 84 साल पार कर चुके लोगों के चलने-फिरने या किसी प्रकार की शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद अपने निज साधनों से पहुंचने से लगता है। आज यह नजारा हुडको के सियान सदन वैक्सीन सेंटर में देखने को मिला , जो युवा सहित उन बुर्जुगों के लिए एक मिशाल है। कोरोना से राहत पाने भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आज वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। महापौर नीरज पाल के वैक्सीन लगाने की अपील के बाद लोग खुद होकर वैक्सीन सेंटर में पहुंच रहे हैं और कोविड के टीके लगवा रहे हैं। आज हुडको वार्ड 70 के सियान सदन मिलन चौक , वार्ड 66 में हनुमान मंदिर के पास , वार्ड 67 रेलवे स्टेशन टिकिट काउंटर सेक्टर 7, वार्ड 68 नायर समाजम स्कूल, सेक्टर 9 पीजी नर्सिंग कॉलेज सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड-19 के टीके लगाए गए। सियान सदन में 10 लोगों ने को-वैक्सीन, 30 लोगों ने कोविशील्ड और 20 बच्चों ने कोरबेक्स वैक्सीन लगवाई। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने भी शहर को कोरोना मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान छेड़ रखा है। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य अमला लगातार निगम क्षेत्र के वार्डों में जाकर वैक्सीन लगा रहा है। लोग स्वेच्छा से कोविड-19 वैक्सीन सेंटर पहुंच रहे हैं। हुडको के सियान सदन में 84 वर्षीया हुडको निवासी बुजुर्ग महिला वीसी अन्नामा अपने परिजन के साथ कार में आई , जो चलने में असहाय थी , वैक्सीनेटर को जैसे ही इसकी सूचना मिली उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए महिला को कार में ही टीका लगाया। इस तरह कोविड सेंटर में पहुंचकर कई लोग प्रथम , द्वितीय व बूस्टर डोज लगवा रहे हैं।